**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**27.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 10:45बजे**

**पीएम—मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब से कुछ देर बाद 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 124वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क और आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय व सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू—ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

---

**कैबिनेट बैठक**

प्रदेश मंत्रिमंडल की कल 28 से 31 जुलाई तक लगातार चार बैठकें होंगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इन बैठकों की अध्यक्षता करेंगे। मंत्रिमंडल बैठकों में मंडी और अन्य क्षेत्रों में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों के लिए विशेष आपदा राहत पैकेज पर निर्णय होगा। इसके अलावा लंबित करूणामूलक नौकरियों पर निर्णय भी मंत्रिमंडल में लिया जा सकता है। इन बैठकों में प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र की तिथियां तय करने पर भी चर्चा होगी।

---

**मिंजर**

चंबा का अन्तर्राष्ट्रीय मिंजर मेला आज से शुरू हो रहा है। तीन अगस्त तक चलने वाले इस मेले का शुभारम्भ राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल करेंगे। राज्यपाल द्वारा चंबा के ऐतिहासिक लक्ष्मीनारायण मंदिर में मिर्जा परिवार की ओर से तैयार की गई मिंजर को लक्ष्मीनाथ को अर्पित करने के बाद शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो पिंक पैलेस स्थित भगवान रघुनाथ मंदिर पहुंचेगी। मिंजर मेला वास्तव में कुजड़ी मलहार के गायन का पर्व है।

---

**शांडिल**

प्रदेश सरकार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र के बड़ोह में 6 करोड़ 33

लाख रुपए की लागत से निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अतिरिक्त भवन का उद्घाटन करने के अवसर पर ये बात कही। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र का अतिरिक्त भवन बनने से क्षेत्र की 14 पंचायतों के लगभग 22 हज़ार लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी।

.....................................................

**रोहित ठाकुर**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और समावेशी शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए आठ सौ 50 संस्थानों को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित किया है। रोहित ठाकुर कल नगरोटा कॉलेज में बनने वाले लड़कियों के छात्रावास के शिलान्यास के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने बाद में नगरोटा के गांधी ग्राउंड में बाल मेले का शुभारंभ भी किया।

.....................................................

**बैठक**

हिमाचल प्रदेश स्कूली क्रीड़ा संगठन की बैठक स्कूल शिक्षा निदेशक आशीष कोहली अध्यक्षता में कल शिमला में आयोजित की गई। बैठक में सत्र 2025–26 के अंतर्गत अंडर–14, अंडर–17 तथा अंडर–19 खेलकूद प्रतियोगिताओं के संचालन के लिए विस्तृत रूपरेखा तय की गई। बैठक के दौरान आगामी दो वर्षों के लिए हिमाचल प्रदेश स्कूली क्रीड़ा संगठन की नई राज्य कार्यकारिणी का गठन भी सर्वसम्मति से किया गया।

.....................................................

**कारगिल विजय दिवस**

कारगिल विजय दिवस पर अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला शिमला ने मशाल जुलूस यात्रा निकाली। ये यात्रा सीटीओ से शुरू होकर शेरे पंजाब तक निकाली गई। इस दौरान 26 जुलाई 1999 को कारगिल युद्ध में पाकिस्तान पर विजय दर्ज करने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भाजपा जिला अध्यक्ष केशव चौहान ने कहा कि 26 जुलाई देश के लिए गर्व का दिन है।

.....................................................

**अटल पेंशन योजना**

केंद्र सरकार की अटल पेंशन योजना के अंशधारकों की संख्या आठ करोड़ को पार कर गई है। दस साल पहले शुरु हुई यह योजना भारत सरकार की अग्रणी सामाजिक सुरक्षा योजना है। यह देश के सभी नागरिकों के लिए एक स्वैच्छिक और अंशदायी पेंशन योजना है जो मुख्य रूप से गरीबों, वंचितों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों पर केंद्रित है।

-----------------------------------------------------

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला ने प्रदेश में आज से 31 जुलाई तक कई जिलों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग द्वारा आज ऊना, कांगड़ा तथा सिरमौर के लिए भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। प्रदेश में वर्षा और भू–स्खलन के कारण दो राष्ट्रीय राजमार्ग मंडी में एनएच–70 व कुल्लू में एनएच 305 सहित 212 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं।

-----------------------------------------------------